## खबर संक्षेप

### नरेशचंद्र अग्रवाल का दुखद निधन

**जुन्नारदेव।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मेसर्स देवकरण लीलाधर अग्रवाल फर्म एवं अशोका सिटी केबल नेटवर्क के संचालक नरेशचंद्र अग्रवाल का बीमारी के चलते शनिवार सुबह दुखद निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्ष धाम में शनिवार शाम को नगर के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि एवं स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में किया गया। गौरतलब हो कि स्वर्गीय श्री अग्रवाल नगर के प्रत्येक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी देते थे वह सतपुड़ा प्रेस क्लब के संयोजक के पद पर निरंतर बने रहे। उन्होंने मरणोपरांत अपने नेत्र का दान लायंस क्लब को किया जिससे उनके नेत्र के माध्यम से एक बिना नेत्र वाला व्यक्ति इस दुनिया को देख सके।

### आज विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि 33 के.व्ही. उपकेन्द्र राजना और स्वेन प्लास्टिक फीडर में प्री-मानसून मेंटेनेंस कार्य किये जाने के कारण 28 अप्रैल 2024 को प्रातः 8 से दोपहर 2 बजे तक राजना विद्युत वितरण केन्द्र के 33 के.व्ही. राजना और 33 के.व्ही. स्वेन प्लास्टिक फीडर से विद्युत प्रदाय वाले सभी क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी । मेन्टेनेंस कार्य के दृष्टिगत आवश्यकता के अनुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है । विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं।

### 29 को बिजली रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि चौरई संभाग के अंतर्गत कुण्डा वितरण केन्द्र के ग्राम गुरैया में आर.डी.एस.एस.योजना में 33/11 के.व्ही. बेलखेडा से गुरैया इंटरकनेक्शन लाईन विस्तारीकरण कार्य किये जाने के कारण 29 अप्रैल 2024 को प्रातः 9 से 10:30 बजे तक 132 के.व्ही. उप केन्द्र चौरई से निर्गत 33 के.व्ही. कुण्डा फीडर में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

## खतरों से होकर नवरी टोला जंगल की नदी से अवैध खनन की खबर लेकर सकुशल लौटे हरिभूमि संवाददाता

# तामिया में रेंजर बेच रहे रेत, कवरेज करने वालों पर माफिया का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया





तामिया के जंगलों से अवैध खनन की खबरों को प्रकाशित करने का साहस हरिभूमि न्यूजपेपर ने हमेशा ही दिखाया है। इन निर्जन इलाकों में किसी संवाददाता द्वारा खबरों को मय फोटो के साथ कवरेज करना जान जोखिम में डालना ही है। क्योंकि खनन माफिया अपनी नुकसान की भरपाई के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, पर सत्यता दिखाने के लिए जोखिम लेने का साहस के साथ एक ओर खुलासा तामिया के जंगल में हुआ है।

तामिया रेंज का जब से गठन हुआ है तब से शायद पहली बार इस रेंज में वन अपराध अवैध रेत का अवैध खनन जंगल कटाई इसके पहले कभी नहीं हुए होंगे। जब से इस रेंज की बागडोर रेंजर हिमांशु विश्वकर्मा के हाथों में आई है तब से वन अधिनियम का खुला उल्लंघन होता चला रहा है। इसके लिए उन्होंने अपने अधीनस्थ नाकेदारों को खुली छूट दे रखी है जिसके कारण जगल कटाई के साथ-साथ कुआ बादला सर्कल की भाडी बीट जिसमें बहने वाली नदी एवं इसी क्षेत्र में आने वाले वन भूमि में बांगई जलाशय अवैध रेत बिक्री केंद्र बन गया है और यहां से प्रतिदिन दर्जनों ट्रक रेत के निकले जा रहे हैं जिसमें से रेत का बेचा जाना रेंजर के संरक्षण हो रही रेत बिक्री के नजारे को देखना है तो वन विभाग के आला अधिकारी भणि भांडी बीट के जंगल नवरी टोला में बहने वाली नदी में देखा जा सकता है कि यहां पर रेत का अवैध व्यापार कितने दिनों से खुलेआम चल रहा है। यहाँ नदी से निकालि गई रेत एवं ट्रैक्टरों के चाक के निशान साफ देखे जा सकते हैं कि यहां पर कई महीनो से रेत का, अवैध उत्खनन रामदास शर्मा नाकेदार के मार्फत रेंजर तामिया के संरक्षण मैं रेत की अवैध बिक्री हो रही है। ऐसा ग्रामीणों ने बतलाया कि यह रेत का सिलसिला कई महीनो से चल रहा है। इस तरह रेंजर के मिले संरक्षण में ,नवरी टोला के जंगल में इतने व्यापक पैमाने पर खुलेआम रेत निकाल कर जंगल के रास्ते मुख्य मार्ग पर ढेर लगाकर रेत बेच जाना और रेंजर डिप्टी रेंजरअपनी ही रेंज में, हो रहे रेत के अवैध उत्खनन का पता ना हो यह संभव नहीं है। इस तरह नवरी टोला के जंगल की नदियों में हो रहा रेत का अवैध, उत्खनन और खुलेआम रेत बिक्री का आलम बना गया है। यदि किसी अधिकारी को रेंजर के संरक्षण में रेत बेचने वाले नाकेदार के कारनामे नदी में नवरि टोला की ओर जाने वाली नदी से कुछ कदम जाकर देखेंगे तो जंगल के रास्ते से रेत के निकले जाने जाने वाले वाहनों के निशान अधिकारी को स्वयं नदी तक ले जाएंगे, लेकिन जब रेंजर द्वारा नाकेदार के मार्फत रेत बिकवाई जा रही हो, तो नातेदार के खिलाफ जांच कौन करेगा और इस तरह तामिया रेंजर के जंगल भ्रमण के ऊपर भी सवाल उठाने लगे हैं कि वह अपने बंगले से ही रेंज की बीट सर्कल का निरीक्षण कर फर्जी दौरा दर्शाते होंगे। शायद नवरि टोला जंगल की नदी में जिस व्यापक पैमाने पर रेत का महीनो से रेत का अवेद्यु खनन कर निकालि जा रही है, उससे तो रेंजर की, कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। अब तो ग्रामीणों का कहना है कि रामदास शर्मा नाकेदार जो जंगल कटाई एवं रेत का अवैध व्यापार करने के लिए जग जाहिर है और नवरी टोला के जंगल में निकालि जा रही रेत तो यही दर्शाती है कि रेत की अवैध बिक्री में रेंजर की सहभागिता से बिल्कुल भी इनकार नहीं किया जा सकता है। देखना यह है कि आला अधिकारी कुंआ बादला सर्कल में महिनो से हो रहे इस अवैध रेत उत्खनन नवरी टोला की नदी से खनन रोक पाएंगे या फिर नाकेदार के मार्फत रेत की बिक्री करवा कर अघोषित कमाई करते रहेंगे। यह तो अधिकारियों के जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

## पशुपालन पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



उप संचालक कार्यालय पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा वर्ल्ड वेटेरीनरी डे के उपलक्ष में एक कार्यशाला का आयोजन उप संचालक डॉ. एस.जी. पक्षवार की अध्यक्षता में किया गया । इस कार्यशाला में जबलपुर के संभागीय संयुक्त संचालक डॉ. जे.पी. शिव मुख्य अतिथी के रूप में उपस्थित रहे । कार्यशाला में संयुक्त संचालक डॉ. जे.पी. शिव ने बताया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, सकल घरेलू कृषि उत्पाद में पशु पालन का 28 प्रतिशत योगदान सराहनीय है । जिसमें दुग्ध एक ऐसा उत्पादन है जिसका योगदान सर्वाधिक है परन्तु ग्रामीणों द्वारा पशु पालन के प्रति रूचि कम दिखाई जा रही है, जिसके कारण लगातार पशु पालन का कार्य कम होते जा रहा है । उप संचालक डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार द्वारा बताया गया कि पशुपालन व्यवसाय अपनाकर ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार प्रदान कर सकते हैं । आज भी भारत में प्रति व्यक्ति दुग्ध की खपत 200 मि.ली. प्रति व्यक्ति होना था, लेकिन मात्र 100 मि.ली. प्रति व्यक्ति उत्पादन हो रहा है । इसलिये पशुपालन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएँ हैं । कार्यशाला का संचालन डॉ. एम.के. मौर्य सहायक संचालक द्वारा किया गया, डॉ. नेहा साहू द्वारा बताया गया कि पशुपालन के क्षेत्र में महिलाओं का विशेष योगदान रहा है, अतः महिलाओं से अनुरोध है कि व्यवसाय अपनाकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकती हैं।

## नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में आगामी 11 मई 2024 को जिला न्यायालय व परिवार न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई और तामिया में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस नेशनल लोक अदालत में विभिन्न विभागों के अधिक से अधिक प्रकरणों को प्रस्तुत करने और अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण के लिये जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री प्रेमपालसिंह ठाकुर की अध्यक्षता में गत दिवस ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय छिंदवाड़ा में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यपालन यंत्री म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के श्री विलास कुमार महाजन व श्री गंगाधर मुरमकर, मुख्य प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया श्री सत्यार्थ गोस्वामी, एल.डी.एम.श्री श्री अरविंद कुमार पंजाब एंड सिंध बैंक के श्री कालीदास, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के श्री आकाश पारधी, भारतीय स्टेट बैंक के श्री नितेन्द्र कुमार और अधिवक्तागण श्री प्रेमचंद बड़गैया व श्री नंदकिशोर वर्मा उपस्थित थे। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री ठाकुर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को शीघ्र प्रस्तुत कराने, पक्षकारों को शीघ्रातिशीघ्र नोटिस प्रेषित करने एवं पक्षकारों के साथ बैठक कर मामलों को सुलझाने तथा नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये।

### किशोर न्याय बोर्ड छिन्दवाड़ा के पैनल अधिवक्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज ए.डी.आर.भवन जिला न्यायालय छिंदवाड़ा में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा द्वारा किशोर न्याय बोर्ड छिंदवाड़ा श्री प्रेमपालसिंह ठाकुर की अध्यक्षता में किशोर न्याय बोर्ड में कार्यरत पैनल अधिवक्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड छिंदवाड़ा के पैनल अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## शाला का निरीक्षण कर गदगद हुई राज्य शिक्षा केन्द्र की टीम



**छिंदवाड़ा।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल की टीम के द्वारा मिशन अंकुर के अंतर्गत चल रहे एफ एल एन कार्यक्रम के तहत शासकीय प्राथमिक शाला शिक्षक नगर का निरीक्षण किया गया । शाला में बच्चों के शैक्षिक एवं बौद्धिक स्तर को देखकर राज्य एवं जिला स्तर की टीम के द्वारा अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की गई । शाला की शिक्षिका श्वेता शर्मा के द्वारा टी एल एम की सहायता से खेल-खेल में सभी विषयों की अवधारणाओं की स्थाई समझ विकसित की जा रही है साथ ही बच्चों को संस्कार प्रदान करने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे है । जिसकी सभी के द्वारा सराहना की गई । राज्य शिक्षा केन्द्र की ओर से श्री सोनी सर , जिला शिक्षा केन्द्र की ओर से एफ एल एन प्रभारी सुश्री हर्षिता शर्मा ,बी आर सी छिंदवाड़ा श्री अजय केकतपुरे , बिछुआ बी आर सी श्री दिनेश डिगरसे बी ए सी श्री गजेन्द्र ठाकुर एवं जनशिक्षक श्री हेमंत शुक्ला जी उपस्थित रहे ।

## परिवहन विभाग ने एक वाहन से वसूला 42 हजार रूपये का जुर्माना

**जांच दल द्वारा छिंदवाड़ा शहर के विभिन्न मार्गों में की गई वाहनों की सघन जाँच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा गत दिवस छिंदवाड़ा शहर के विभिन्न मार्गों पर सभी वाहनों की बारीकी से जांच में सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर के विभिन्न मार्गों पर वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर एक वाहन से 42000 रूपये का जुर्माना लिया गया। वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों को हिदायत दी है कि वे सभी अपने-अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अतिशीघ्र लगवा लें और मोटरयान अधिनियम 1988 के सभी प्रावधानों का पालन करें।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 6वीं में प्रवेश के लिये परीक्षा का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल 2024 को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक होगी। इस परीक्षा में जिले के 12 परीक्षा केन्द्रों में 3321 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध करने के साथ ही सभी संबंधित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय और शासकीय कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्यों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं । इस परीक्षा के लिए 28 अप्रैल 2024 को प्रातः परीक्षा के पूर्व तक प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम ने बताया कि विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा के लिये बनाये गये परीक्षा केन्द्रों में से शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में 55 और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में 132, हर्रई में 620, बिछुआ में 326, तामिया में 620, जुन्नारदेव में 540, परासिया में 110, मोहखेड में 108, पांढुर्णा में 165, सौंसर में 45, चौरई में 16 व अमरवाड़ा में 574 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि जिले के परीक्षा केन्द्रों से 29 अप्रैल 2024 को संभाग स्तर पर प्रश्नपत्र, ओएमआर शीट व अटेंडेंस शीट संकलित की जायेगी और संकलित प्रश्नपत्र, ओएमआर शीट व अटेंडेंस शीट 30 अप्रैल 2024 को संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य भोपाल संभाग कार्यालय को उपलब्ध कराई जायेगी । उन्होंने बताया कि एमपीटास पोर्टल पर आगामी 15 मई 2024 को विद्यार्थियों के विद्यालय प्रवेश की सूची जारी की जायेगी और चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय आवंटन सूची के अनुसार 16 मई 2024 से विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

## समग्र ई केवाईसी शत प्रतिशत करने के दिए निर्देश

**नगर निगम आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने शनिवार को निगम सभाकक्ष में समग्र ई केवाईसी कार्य की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक ली। विगत दिनों निगमायुक्त द्वारा निगम क्षेत्र के सभी वार्ड एवं जोन कार्यालय में समग्र ई केवाईसी हेतु शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। इस आदेश के पालन में सभी 48 वार्ड के साथ योजना कार्यालय, कुकड़ाजगत जोन, जगन्नाथ जोन, चंदनगांव एवं लोनिया करबल जोन में शिविर आयोजित कर समग्र ई केवाईसी का कार्य किया जा रहा है।

इन शिविरों के माध्यम से होने वाली समग्र ई केवाईसी की समीक्षा आयुक्त द्वारा वार्डवार की गई। आयुक्त ने कम प्रगति वाले वार्डो में अतिरिक्त प्रयास करने एवं सभी वार्ड एआरआई को मृतक, पलायित एवं डबल एंट्री वाले समग्रधारकों की सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए। बैठक में योजना प्रभारी विवेक चौहान, राजस्व अधिकारी साजिद खान सहित सभी राजस्व निरीक्षक एवं 48 वार्डो के सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

समग्र से आधार की ई केवाईसी नहीं कराने से होगी असुविधामध्य प्रदेश शासन की अधिकतम योजनाओं एवं शिक्षा से संबधित कार्यों में भी समग्र आईडी की आवश्यकता होती है। समग्र आईडी को सक्रिय रखने एवं योजनाओं का लाभ लगातार लेने के लिए समग्र का आधार से सत्यापन जरूरी होता है। उदाहरण के लिए सामाजिक पेंशन से लेकर आम नागरिकों द्वारा बनाए जाने वाले आय प्रमाण पत्र के लिए भी समग्र ई केवाईसी अनिवार्य होती है।

इसी प्रकार विद्यालय या महाविद्यालय में दाखिले के लिए भी समग्र आईडी की आवश्यकता होती है। इस समग्र आईडी के आधार से लिंक न होने से आम नागरिक योजनाओं से वंचित रह सकते है। इसलिए सभी नागरिकों को समग्र ई केवाईसी कराना अनिवार्य है।

## एफ.डी.डी.आई. के विद्यार्थियों के बनाये आकर्षक परिधान

**छिन्दवाड़ा।** एफ.डी.डी.आई. संस्थान छिंदवाडा के फैशन डिजाईन विभाग के अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए परिधान पहन फिस्ट-ए-फैशन 2024 की थीम पर आज संस्थान के सभागृह में ग्रेजुएशन फैशन शो (फिस्ट-ए-फैशन 2024) कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में नागपुर के प्रोफेशनल मॉडलों ने रैंप वॉक कर नगरवासियों का मन मोह लिया। संस्था प्रमुख एवं फैशन डिजाईन विभाग के अध्यक्ष डॉ.प्रदीप कुमार मंडल ने बताया कि इस आयोजन में इस कर्यक्रम में सवन्नाह कॉलेज ऑफ आर्ट एंड डिज़ाइन, एटलांटा (यूएसए) की सुश्री रिया जैन को ज्यूरी सदस्य प्रमुख के रूप में आंमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि फैशन डिजाईन पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित परिधानों को अलग-अलग थीम पर ज्यूरी सदस्यों के सामने प्रोफेशनल मॉडलों द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें मद्रास चेक्स, माइंड मोज़ेक, द मॉन्क, राशि चक्र, एकवा रीफ, हवा महल विंडो, फोग, बॉटनिकल ब्यूटी, सकुरा कठपुतली कला, रक्त, लकीर, द पेरिस फेशन वीक, इजीपशीयन थीम के परिधान शामिल थे। उन्होंने बताया कि ग्रेजुएशन डिजाईन कलेक्शन फैशन डिजाईन के विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम का हिस्सा है जिसमें विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करना होता है। इससे विद्यार्थियों के अन्दर आत्म विश्वास पैदा होने के साथ ही उन्हें प्रोफेशनल स्किल भी सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ओलावृष्टि के कारण रबी की फसल को होगा भारी नुकसान

# नुकसान के बाद ग्रामीण किसान कर रहे हैं मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



बीते दिनों से सौंसर क्षेत्र में हो रही बारिश आंधी तूफान ओलावृष्टि के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में फसल मकान पशुओं सब्जियों का भारी नुकसान हुआ है। खासतौर पर रामपेठ पलासपानी, सिलोरा, जोबनी, कहान पिपला, कोपरावाड़ी खुर्द आदि ग्रामों में अधिक नुकसान हुआ है। एक ओर जहां 17 से अधिक बकरियों की मौत हो गई है। वहीं दूसरी कई ग्रामीणों के आशियाने क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हाल ही में विधायक विजय चौरे ने ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण करते हुए फसल नुकसानी क्षतिग्रस्त मकान का जय लेते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द नुकसानी का सर्वे की बात कही थी। ओलावृष्टि बारिश के कारण सब्जी उत्पादक किसान भी परेशान हो गए हैं। ओलावृष्टि के कारण सब्जी फसल खराब हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में संतरे के पेड़ उखड़ गए हैं। ग्रामीणों के द्वारा अब तहसील कार्यालय में पहुंचकर प्रशासन से फसल,मकान सब्जियों का निरीक्षण कर मुआवजा की मांग की जा रही है। किसान और प्रशासन और सरकार की ओर मुआवजे की आस लगाए हुए बैठे हैं।

किसानों के द्वारा सोपे गए ज्ञापन में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ओलावृष्टि के कारण फैसले बर्बाद हो गई है।ओलावृष्टि के कारण सबसे अधिक मार गर्मी की रबी की फसल मूंगफली ज्वार मूंग की फसल पड़ी है। सब्जियों के फसल के भी कुछ ऐसे ही6 हाल है। ज्ञापन सपने आए गजेंद्र सोमकुँवर, काशीनाथ शेंडे डी.जे पाटिल उमेश मेश्राम ने बताया एक और जहां महंगाई और बढ़ते खाद बीज के दाम के कारण किसान परेशान है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि और आंधी तूफान के कारण किसने की मेहनत पर पूरा पानी फिर गया है।प्रशासन के द्वारा जल्द से जल्द सभी फसलों का सर्वे कर किसानों को मुआवजा वितरित करना चाहिए।

### चार विभागों की टीमें कर रही है फसल नुकसानी का सर्वे

एसडीएम पटेलक्षेत्र में ओलावृष्टि के कारण नुकसान हुई फसलों का निरीक्षण का चार शासकीय भागों की टीम के द्वारा किया जा रहा है।कृषि विभाग हॉर्टिकल्चर, राजस्व एवं पंचायत विभाग अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा नुकसानी क्षेत्र गावो खेतो में पहुंचकर सर्वे निरीक्षण के साथ नुकसानी का आकलन किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ओलावृष्टि की सूचना मिलने के बाद ही प्रशासन की ओर से सर्वे शुरू कर दिया गया था। सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल ने बताया कि क्षेत्र में ओलावृष्टि और बारिश के कारण हुई नुकसानी को लेकर चार विभागों की टीम बनाई गई।

### परासिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष व दो अधिवक्ताओं के साथ किया था विवाद

# कांग्रेस ने पुलिस को दिलाई याद आठ दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पुलिस की लापरवाही से अपराधी बेखौफ हो चुके हैं और कानून व्यवस्था चरमरा गई है। लोगों में लगातार असुरक्षा का भाव बढ़ रहा है, क्योंकि वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस कार्रवाई नहीं कर पा रही या फिर कार्रवाई करने से बच रही है। कांग्रेस ने अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुलिस का ध्यानाकर्षण कराया कि कांग्रेस नेता एवं दो अधिवक्ताओं के साथ हुये विवाद को आठ बीत चुके हैं और अभी तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि सत्ता व शासन से संरक्षण प्राप्त लोगों के द्वारा लोकसभा चुनाव के मतदान दिवस पर परासिया क्षेत्र में जमकर गुंडागर्दी की गई। जनप्रतिनिधि व अधिवक्ताओं की तलाशी उन लोगों के द्वारा ली गई जिनका चित्त व चरित्र अपराध से भरा हुआ है। कांग्रेस नेता को डरा धमकाकर जेब से नकदी 2 हजार रुपये, आवश्यक दस्तावेज व सोने की चेन लूट ली गई। न्यूटन में दो अधिवक्ताओं से विवाद किया गया। सम्पूर्ण घटनाक्रम की तत्काल पुलिस चौकी में शिकायत की गई किन्तु आज दिनांक तक इस मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। जबकि इस पूरे मामले को घटित हुये आठ दिन बीत चुके हैं। पुलिस की सुस्ती पर सवाल उठाते हुये गंगाप्रसाद तिवारी ने कहा कि पुलिस भाजपा के दबाव में काम कर रही है इसीलिये कार्रवाई से बच रही, क्योंकि इन अपराधों में भाजपा का पार्षद भी सम्मिलित है जिसे बचाने का प्रयास किया जा रहा जो कि न्यायोचित नहीं है। वारदात को अंजाम देने वालों को इस तरह संरक्षण दिया जाना क्षेत्र में अपराध को बढ़ावा देना है। अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति के अंत में श्री तिवारी ने कहा कि दिनांक 19 अप्रैल 2024 को परासिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष विवेक मिश्रा अपने एक अन्य साथी के साथ खाना खाने के लिये घर जा रहे थे इस दौरान कुछ युवकों ने रास्ता रोका व उनकी तलाशी लेकर उन्हें धमकी दी। विवेक मिश्रा के साथ परासिया वार्ड क्रमांक 8 के निवासी सुनील पिता टूटू यादव के पास से 1 हजार रुपये लूटे व मारपीट व गली गलौच की। दोनों ही पीड़ितों ने वारदात की लिखित शिकायत परासिया पुलिस थाना में दर्ज कराई। न्यूटन में अधिवक्ता ब्रजलाल वर्मा एवं लाला बूथ क्रमांक 149 में कांग्रेस के बूथ एजेंट थे, इनके साथ भाजपा के पार्षद ने मारपीट की इसी तरह अधिवक्ता उमर खान अपनी मां को मतदान कराने के लिये लेकर जा रहे थे इस दौरान भाजपा के पार्षद ने उनके साथ भी विवाद किया। सभी मामलों की पुलिस थाना में लिखित शिकायत दी गई किन्तु आज तक पुलिस के द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया जाना इस बात को दर्शा रही है कि पुलिस निष्पक्ष नहीं रही। दबाव में आकर काम करने को मजबूर हो चुकी है इसीलिये आठ दिन बाद भी इन आपराधिक मामलों में कार्रवाई की बजाये हाथ पर हाथ धरे बैठी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने पुलिस से मांग की है कि इन मामलों में अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किया जावे ताकि क्षेत्र की जनता में पुलिस पर पुनः भरोसा कायम हो सके।

# 5 मई को शाह ऑडिटोरियम दिल्ली में होगा सहज सम्मिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



पहली बार देश की राजधानी में अनेक नव युवाओं की टीम ₹सहज स्प्रिट₹ दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम में 5 मई 2024 को एक शानदार, अद्भुत और ऐतिहासिक आयोजन करने जा रही है। टीम सहज स्प्रिट के जैन ने बताया कि यह आयोजन अपने आप में एक बहुत ही शानदार एवं यादगार आयोजन साबित होने वाला है जो भारत सहित सभी दिल्ली वासियों के लिए एक अनोखा दिन होगा। इस सम्मिट में कुल 700 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी, कार्यक्रम इतना सुदंर होने वाला है कि पूरे दिल्ली महानगर के चारों ओर से लोग इसमें पधारने वाले हैं, जिनके साथ देश के जाने माने विद्वान, प्रोफेसर, स्कोलर इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। सहज सम्मिट में अनेक प्रकार के सेमिनार, म्यूजिक कॉन्सर्ट, आर्ट, पोयट्री, डांस, नाटक आदि अनेक विधाओं के साथ सहज रहने की कला सिखाने वाला यह उत्सव वाकई एक शानदार इवेंट होगा।कार्यक्रम में अनेक सहज एक्पर्ट के द्वारा सहज रहने के गुर सिखाए जाएंगे। इसमें लोकप्रिय स्पीकर, लेखक, अधिकारी भी पधारेंगे। श्री जैन ने बताया कि जो लोग इस सम्मिट में शामिल होने जा रहे हैं उनके लिए विशेष रूप से तीनों समय के सात्विक भोजन का प्रावधान टीम के द्वारा किया गया है।

## युवाओं की रहेगी पहल

इस आयोजन की सबसे बड़ी बात यह रहेगी कि अनेक युवा जो कि अभी वर्तमान में विद्यार्थी हैं और दिल्ली में ही अध्ययन कर रहे हैं उनके द्वारा ही इस पूरे कार्यक्रम को संयोजित किया जा रहा है। पिछले लगभग 3 महीने से युवाओं द्वारा दिल्ली के अनेक सामूहिक स्थानों पर जाकर इस अनोखे कार्यक्रम में पधारने हेतु जानकारी दी जा रही है।

## सहजता की कला सिखाई जाएगी

लाल बहादुर शास्त्री विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. वीरसागर ने बताया कि इस आयोजन में प्राचीन ग्रंथों के आधार से वर्तमान के डिजिटल समय में चिंता, तनाव, अशांति भरी जिन्दगी में सहज रूप से प्रसन्न कैसे रहा जाए इस बात को बड़ी ही सरलता से सिखाया जाएगा जिसकी तैयारी पूर्ण हो चुकी है, आयोजन को लेकर टीम सहज स्प्रिट में अपार उत्साह देखा जा रहा है सभी को प्रतिक्षा है शुभ तिथि 5 मई की।

# आज पारेघाट में संविधान निर्माता की प्रतिमा का अनावरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



आज 28 अप्रैल रविवार सुबह 11 बजे से ग्राम पारेघाट में भारतीय बौद्ध महासभा एवं ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वाधान में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा अनावरण एवं धम्म सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर की पवित्र दीक्षाभूमि पर डॉ बाबासाहेब अंबेडकर ने भारत को बौद्ध में बनाने का संकल्प लिया था। इसी संकल्प को संपूर्ण देश मे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अनावरण समारोह की अध्यक्षता ऋषिनाथजी नागदवने करेगे,प्रतिमा का अनावरण भिक्कु संघ नागपूर के हस्ते होंगा। इस दौरान ग्राम में पंचशील ध्वज लेकर रैली निकाली जाएगी। आयोजन में प्रमुख अतिथि के रूप में मार्शल डॉ. एन. व्ही. ढोके उषाताई बौद्ध, धम्मपाल देशभ्रतार,आयु. व्ही. एस. शेन्डे, संभागीय प्रभारी भा. बौ. महा. जबलपूर चंद्रभान बागड़े, जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक भगत, मुरलीधर कांबले,तहसील अध्यक्ष भाबोम लक्ष्मीदास बोरकर,जप सदस्य छायाबाई अनिल शिंदे, सरपंच संगीताताई उईके, मंदा दिगांबर बागडे सुनिता आनंद दुफारे, चंद्रप्रकाश रंगारे, प्रेमराज गजभिये,दिलीप बागडे, लेखराज डोंगरे, पारडसिंगा) आयु. राजेश बागडे रहेंगे, कार्यक्रम की प्रस्तावना उपसरपंच उमाजी शेन्डे, संचालन मुकेश बागडे करेगे, आयोजन के दौरान बुद्ध भीमगीत मंडल, सातनुर, धम्मकसोटी भीमगीत मंडल, की ओर से बहुजन समाज में जन्मे हुए महापुरुषों की विचारधारा पर गीतों की प्रस्तुति की जाएगी।

# समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए नागपुर में हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

हनुमान जन्मोत्सव पर श्री छत्रपति शिवाजी जयंती महोत्सव समिति मॉडल मिल गेट करोल बाग एवं राम जन्मोत्सव समिति नागपुर के द्वारा सौसर गायत्री जिनिंग संचालक दिलीप बत्रा सुनील जायसवाल का जरूरतमंद लोगों की मद्दत पर समिति के अध्यक्ष अनिल सुद्रिक, अजय मने,शेखर खरवड़े,आदि के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कोरोना काल में दिलीप बत्रा,सुनील जायसवाल द्वारा विभिन्न सामग्री एवं स्वास्थ्य सेवा का लाभ जरूरतमंद लोगों को दिया गया था। इसके अलावा नगर के धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों में योगदान बढ़ चढ़कर रहता है। नागपुर में सत्कार होने पर श्री बत्रा को पूर्व मंत्री नाना मोहोड़,जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड़, इंद्रचंद डागा, संजय राठी राधेशाम सुदा, अतुल जुननकर ,रोटरी क्लब सौसर के सदस्यों ने बधाई दी गई है।

# आरटीआई लगाई तो हटा दी कुर्सियां परासिया जनपद का है मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया जनपद में कुछ लोगों द्वारा आरटीआई लगाकर जानकारी मांगने का गुस्सा जनपद के अधिकारी के द्वारा कुर्सियों पर निकाला गया। यह बात की चर्चा का विषय बनी हुई है।दरअसल जनपद सीईओ के द्वारा कुछ दिन पूर्व अपना कार्यालय दूसरे कक्ष में शिफ्ट किया गया। इस नए कक्ष को बनाने के लिए अतिरिक्त व्यय किया गया। इसके अलावा कुछ दिन पूर्व इसी कक्ष का लोकार्पण भी किया गया। इन दोनों मामलों को लेकर कुछ लोगों के द्वारा आरटीआई लगाई गई और उसमें पूछा गया, कि सीईओ को अपना कार्यालय शिफ्ट करने की क्या आवश्यकता पड़ी ? जिस जगह कार्यालय शिफ्ट किया गया उसके पुनर्निर्माण में कितनी राशि खर्च की गई ? इस व्यय हेतु किस सामान्य सभा या प्रशासनिक सभा में प्रस्ताव पारित हुआ ? इसी तरह वी सी कक्ष के निर्माण में क्या लागत लगी ? वहां जो सामान लगाए गए हैं उनमें क्या खर्चा आया ? इसका अनुमोदन भी किस सामान्य सभा में हुआ ? इस तरह की कुछ जानकारियां आरटीआई के माध्यम से मांगी गई। आरटीआई में यह भी पूछा गया है, कि सीईओ के जनपद आने का और जाने का समय क्या निर्धारित है ? दरअसल देखने में आता है, कि सीईओ शाम 4 के बाद जनपद आती है। गौरतलब है, कि सीईओ के पास जुन्नारदेव जनपद का भी प्रभार है, लेकिन परासिया आने के समय को लेकर कई सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं ! सरपंच सचिव खुले तौर पर तो नहीं पर दबी जबान से इस बात की चर्चा करते हैं, कि उन्हें सीईओ के जनपद में कम उपलब्ध रहने के चलते कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सूत्र बता रहे हैं, कि इसी आरटीआई से नाराज होकर जनपद परिसर के अंदर लगी स्टील की कुर्सियां हटा दी गई।इसके बाद जनपद में आने वाले सरपंच सचिव और लोगों के लिए बैठने की समस्या खड़ी हो गई है और कुर्सी हटाने की बात को लेकर जनपद के गलियारों में चर्चाएं भी गर्म है।

## लापता हुई पत्नी, पति और बच्चे का बुरा हाल

**कटंगी।** विकासखंड कटंगी की ग्राम पंचायत तिरोड़ी के वार्ड क्रमांक 18 खांदीटोला से एक विवाहित महिला बीते रविवार 21 अप्रैल से लापता है. पति सावनलाल बरमैया ने तिरोड़ी थाने में अपनी पत्नी दामिनी बरमैया की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई है. मगर, महिला के मायके पक्ष के लोग अब महिला के पति को डरा धमका रहे है. सावनलाल ने बताया कि दामिनी आयुष्मान कार्ड और पैन कार्ड बनाने की बात कहकर घर से निकली थी. जो देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की और नाते-रिश्तेदारी में भी पता किया लेकिन जब कोई पता नहीं चला तो तिरोड़ी थाना पहुंचकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई है. इस बीच महिला के परिजन दामाद पर कई तरह के आरोप लगा रहे है. जिससे वह काफी आहत है. सावनलाल ने बताया कि 4 साल पहले डोंगरगांव गोंदिया कि दामिनी के साथ उसका विवाह हुआ था और एक बच्चा भी है. दामिनी के लापता होने के बाद सावनलाल और उसके बच्चे का बहुत बुरा हाल है।

## तिरोड़ी में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 4 को



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मॉयल नगरी तिरोड़ी में आगामी 04 मई को नगर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साहित्य संगम द्वारा 21 वां राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन आयोजित किया जाना है. जिसे लेकर वृहद स्तर की तैयारी की जा रही है. मॉयल मंगल भवन में 04 मई को दोपहर 12 बजे से प्रतिभाशाली कवियों का कवि सम्मेलन 'दस्तक' सम्पन्न होगा. जिसमें वरिष्ठ कवियों द्वारा युवा कवियों को प्रोत्साहित कर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा. शाम 7 बजे साहित्यकार, समाजसेवी, नगर के सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा और फिर रात्रि 9 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सम्पन्न होगा. जिसमें लोकप्रिय एवं ख्यातनाम कवि हास्य व्यंग गीत ग़ज़ल की बौछार करेंगे. कवि सम्मेलन में प्रोफेसर ओमपाल सिंह निडर फिरोजाबाद, नेत्रहीन शायर अकबर ताज खंडवा, संतोष सागर विदिशा, पंकज जोशी देवास, डॉ अशोक आजाद भोपाल, डॉ बीना सिंह रागी भिलाई, रंजना गौतम उमरिया, डॉ लीना परिहार सागर, विजय कुमार बघेले तुमसर, एमानुएल दीप उकवा काव्य पाठ करेंगे. कार्यक्रम के संयोजक एवं साहित्य संगम के अध्यक्ष दिनेश कनोजे देहाती ने बताया कि 21 वें वर्ष भी वही उत्साह एवं समर्थन मिल रहा है. संरक्षक मंडल एवं समिति के जमील अहमद नाजमी, अखिलेश कुमार, अंदाज ताज, इमरान गोल्डी, अविनाश देशमुख, देवकी देवांगन, मातेश्वरी पटले, बिंदेश टाक, खूब परिश्रम कर रहे हैं।

### 'जल जीवन मिशन हर घर नल जल' के दावों की खुली पोल

# दो साल से बनी पानी टंकी, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पेयजल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



केंद्र प्रवर्तित जल जीवन मिशन हर घर नल जल योजना के तहत वर्ष 2024 तक हर घर तक पानी पहुंचाने का सरकारी दावा खोखला साबित हो रहा है. जल जीवन मिशन भले ही सरकार की उस योजना में शामिल हो. जिसका लक्ष्य सभी घरों तक कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराना और स्थानीय जल संसाधनां के सर्वांगिण प्रबंधन को बढावा देना हो. मगर, सरकार के इन दावों में कितनी सच्चाई है. इसकी पड़ताल अगर करना हो तो गांवों की तरफ रूख करना पड़ेगा. आज हम आपको विकासखंड कटंगी की ग्राम पंचायत चाकाहेटी से इस योजना की हकीकत बताते है. चाकाहेटी पंचायत के अलग-अलग टोलों में करीब 02 साल पहले पानी टंकी स्थापित कर पाईप लाइन का विस्तार कर दिया गया है परंतु अब तक टोलों में पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है. जिस वजह से इन छोटे-बड़े टोलों में पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है और ग्रामीण महिलाओं को पानी जुटाने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है. शहडोल जिले की राकेश इंजीनियरिंग नाम की कंपनी को चाकाहेटी ग्राम पंचायत में हर घर नल जल का ठेका मिला है. ग्रामीण बताते है कि ठेकेदार बीच में काम को छोड़कर चले गया. अब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री विनोद कुमरे ने बताया कि ठेकेदार के कर्मचारी लौट कर आ गए है शीघ्र ही कार्य शुरू करवाया जाएगा।

ग्राम पंचायत चाकाहेटी के रामजी टोला, नया टोला, सती टोला सहित अन्य टोलों में योजना के तहत पाइप लाइन का विस्तार करने के साथ ही 2-2 हजार की पानी टंकी स्थापित की गई है लेकिन यह पानी टंकिया बीते दो साल से शोभा की सुपारी नहीं हुई है. ग्रामीणों की माने तो उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत सरपंच को इस संबंध में जानकारी दी. वहीं सरपंच देवेन्द्र मरकवाड़े का कहना है कि ठेकेदार ने केवल चाकाहेटी पंचायत का ही नहीं बल्कि अन्य ग्राम पंचायतों में भी काम अधूरा छोड़ा है. जिस कारण ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है. जनपद सदस्य (सभापति) चमन डोंगरवार ने बताया कि कई बार जनपद पंचायत की बैठक में अधूरी हर घर नल जल योजना का मुद्दा उठाया जाता रहा है. इसके अलावा विभाग के अधिकारियों को भी कई बार इस संबंध में शिकायत की जा चुकी है लेकिन बड़ी विडंबना है कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जैसा कि केन्द्र सरकार की कई योजनाओं में हर घर नल जल योजना भी एक है. इस योजना का बखान करते हुए कई बार प्रधानमंत्री और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सुना गया है. मगर, इस योजना के धरातल में क्या हालत है इस पर कभी कोई चर्चा नहीं की जा रही है. बीते दिनों बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने गर्मी में होने वाले पीने के पानी के संकट को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगर पालिका/परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी. मगर, चाकाहेटी पंचायत की हालत को देखकर ऐसा लगता है कि यह बैठक भी महज एक औपचारिकता ही थी. अगर ऐसा ना होता तो जिन गांवों में हर घर नल जल योजना के काम अधूरे पड़े है. उनमें प्रगति दिखाई देती किंतु बैठक के बाद कोई प्रगति दिखाई ना देना इस बात को प्रमाणित करती है कि बैठक केवल एक दिखावा थी।

### इनका कहना है

जनपद की बैठक में कई बार चाकाहेटी पंचायत के टोलों मे अधूरी पड़ी हर घर नल जल योजना का मुद्दा उठाया गया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी जानकारी दी गई लेकिन बेहद दुर्भाग्य की बात है कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**चमन डोंगरवार जनपद सदस्य**

ठेकेदार के कर्मचारी आ गए है. चाकाहेटी पंचायत में जल्द ही कार्य पूरा करवाया जाएगा. बिजली कनेक्शन और कुछ थोड़ा कार्य शेष रह गया है।

**विनोद कुमरे उपयंत्री**

### जयंतीयों के माध्यम से महापुरूषों की विचारधारा का प्रचार प्रसार कर विचारों को आत्मसात करें : ढेंगरे

# भालवा में महात्मा ज्योतिबा फुले व डॉ.बाबा साहब जयंती समारोह पूर्वक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले के भालवा(हट्टा) सर्कल शाखा द्वारा भारतीय बौद्धो के राष्ट्रीय शीर्ष मातृत्व संघठन दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया सर्कल शाखा के तत्वावधान में भालवा मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बोधिसत्व डा.बाबासाहब आंबेडकर जी की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गई। इस आयोजन की अध्यक्षता संस्था के सर्कल अध्यक्ष विनय मेश्राम सेवानिवृत्त प्रधानपाठक द्वारा की गई। मुख्य अतिथि चरनदास ढेंगरे प्रदेश अध्यक्ष दि बुद्धिस्टसोसायटी आफ इंडिया म.प्र., प्रमुख अतिथि किरनापुर लांजी क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे, दुर्गेश बिसेन पूर्व जिला पंचायत सदस्य व विशेष अतिथियों में दि बुद्धिस्ट सोसायटी के आर.के.कठाने प्रदेश सचिव, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्यालय सचिव, एस.एल.रंगारे जिलाध्यक्ष बालाघाट, खुशीयाल मेश्राम, देवानंद रंगारे, बी.एल.घल्लेकर जिला संघठक, दुरेन्द्र सावनकर तहसील अध्यक्ष किरनापुर, हाजी शोएब खान बहुजन मुस्लिम एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक, कंचनलता लांजेवार बामसेफ, प्रकाश बाहे सरपंच सुसवा, अमृत राहंगडाले पूर्व सरपंच भालवा, इंजी. वैभवकांत बोरकर, वरिष्ठ अभियंता छ.ग.शासन, गौतम भिमटे, शिलरत्न बंसोड आदि के आतिथ्य में समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में रैली का आयोजन किया गया। वही चिकित्सकों द्वारा अनुयायीयों के स्वास्थ्य का परीक्षण हुआ। मंचीय कार्यक्रम में विधायक श्री कर्राहे जी द्वारा म.प्र.शासन की योजनाओं की जानकारीदी गई। इसी प्रकार मुख्य अतिथि चरनदास ढेंगरे जी ने उदबोधन के माध्यम से कहा कि हमे जयंतीयों और अन्य पर्व के माध्यम से महापुरूषों की विचारधारा का प्रचार प्रसार कर उनके विचारों को आत्मसात कर अपना जीवन मंगलमय करना चाहिए। अन्य अतिथियों ने भी महापुरूषों के जीवन संघर्ष पर उदबोधन देकर जयंती की सभी को शुभकामनाएं दी। मंचीय कार्यक्रम के समापन पश्चात रात्रि में दुय्यम कव्वाली का आयोजन हुआ। जिसमें कव्वाल विकास राजा नागपुर व अश्विनी खोब्रागढे चंद्रपुर दोनो ने महफील संजाई। इससमारोह का सफल संचालन प्रभुराज खोब्रागडे कार्या सचिव भालवा द्वारा किया गया था।इस अवसर पर रैली मे ठंडे पेय कि व्यवस्था डॉ चंदन शरनागत, शेखर शरनागत, अनिल बिसेन किराना भंडार, दीपक जामरे, फ्रूटी पैकेट वितरण पंकज गणवीर, महेंद्र गणवीर शेखर शरनागत द्वारा की गई थी,संजीवनी डेंटल क्लिनिक द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य की जाच एवं दवाईया वितरण की गई थी समारोह को सफल बनाने हेतु योगराज पटले ग्राम भालवा अध्यक्ष, डा.सुभाषचंद्र रंगारे उपाध्यक्ष, संजय कुमार भौतेकर महासचिव, जितेन्द्र रंगारे भालवा सर्कल महासचिव व ग्राम तथा सर्कल की पूरी टी एवं समस्त ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

### परिजनों ने ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

# विवाहिता महिला ने घर पर लगाई फांसी, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज लांजी।





लांजी थानांतर्गत ग्राम पूर्वाटोला के वार्ड नं. 6 में एक विवाहिता महिला ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार आत्महत्या से करीब एक घंटे पहले विवाहिता ने फोन पर रोते हुए अपने पिता से बात की थी। जिसके दो घंटे बाद ही सुसाइड की सूचना परिजनों को मिली। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लाजी के पूर्वाटोला वार्ड नं. 6 निवासी शेख हिना की शादी करीब पांच साल पहले 7 मई 2018 को जुनैद पिता जरीब खान के साथ हुई थी। जुनैद खान लांजी में मोबाईल रिपेरिंग एवं मोबॉईल शॉप भी चलाता है। मृतका शेख हिना की 2 छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। बचपन में दोनों बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। मृतक शेख हिना के परिजनों का कहना है कि शनिवार की सुबह करीब 7 बजे उनकी बेटी ने उनसे फोन पर बात की, इस दौरान उसने रोते हुए अपनी आपबीती बताई। बेटी अपने ससुराल पक्ष पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगा रही थी। इसके 2 घंटे बाद ही हिना द्वारा सुसाइड किये जाने की सूचना मिली। जिसके बाद परिजन छत्तीसगढ़ के दुर्ग से लांजी पहुंचे। मौके की नजाकत को समझते हुए पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी और शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्यवाही कराई। मृतका के माता पिता का आरोप है कि शादी के छह महीने बाद ही हिना के साथ ससुराल वालों ने मारपीट करनी शुरू कर दी थी। कभी 50 हजार की डिमांड की जाती थी तो कभी एक लाख रूपये की। बार बार पैसे देकर वे परेशान हो चुके थे। लेकिन शेख हिना के साथ उत्पीडऩ की घटना कम होने का नाम नही ले रही थी। ससुराल वालों की मारपीट से तंग आकर ही हिना ने ऐसा कदम उठाया है। मृतिका के मायके पक्ष वालों ने बताया की हिना की मौत की खबर भी उन्हें अपने रिश्तेदार के लोगों के माध्यम से पता चली जुनैद खान और उसके परिजनों ने उन्हें कोई जानकारी नहीं दी।

### इनका कहना है

लांजी थाना के ग्राम पूर्वाटोला निवासी शेख हिना द्वारा सुसाइड की सूचना मिली थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। अब आगे जांच में मृतिका के परिजनों से कथन के पश्चात आगे कार्यवाही की जाएगी तथा शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। वहीं इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**सतेंद्र घनघोरिया, एसडीओपी लांजी**

# हाइवे पर खड़े ट्रक में जा घुसी तेज रफ्तार कार, चुनाव ड्यूटी से लौटत रही शिक्षिका और उसके भाई की मौत, पति गंभीर

**हादसे में कटनी के बड़वारा विकासखंड अंतर्गत कुआं हाईस्कूल में कार्यरत वर्ग-3 शिक्षिका प्रियवृंदा पति चंद्रप्रकाश बिसेन (32) व कार चला रहे भाई बसंत पुत्र गोवर्धन पटले (40) की मौके पर मौत हो गई।**

**मध्यप्रदेश के सिवनी-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 44 छपारा बायपास में शनिवार सुबह करीब 5 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। कटनी से सिवनी के बरघाट लौट रही तेज रफ्तार कार हाइवे सड़क पर खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकी एक घायल है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जबकि कार की पिछली सीट पर शिक्षिका के साथ बैठे पति चंद्रप्रकाश पुत्र महेश बिसेन (35) घायल है, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल सिवनी में भर्ती कराया गया है।

हादसे के बाद अज्ञात ट्रक वाहन मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों से मिली सूचना पर छपारा पुलिस व हाइवे पेट्रोलिंग वाहन मौके पर पहुंचा। संजीवनी 108 वाहन की मदद से घायल चंद्रप्रकाश बिसेन को छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। क्षतिग्रस्त कार वाहन में फंसे मृतकों के शव को काफी मशक्कत के बाद निकाला गया। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्ट मार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिए है।

स्वजनों के अनुसार सिवनी के बरघाट थाना अंतर्गत गोरखपुर निवासी चंद्रप्रकाश बिसेन व सरेखाकला निवासी अपने साले बसंत पटले के साथ शुक्रवार को कटनी गए थे। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शिक्षिका प्रियवृंदा बिसेन की ड्यूटी विजय राघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने में लगाई गई थी।

मतदान प्रक्रिया पूरी होने पर शिक्षिका ईवीएम मशीन जमा करने के बाद पति और भाई के साथ वापस सिवनी के बरघाट लौट रही थी। इसी दरम्यान कार सवार तीनों दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए।



# खवासा बॉर्डर में सोता रहा कर्मचारी हॉर्न बजाता रहा वाहन चालक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच सिवनी जिले में खवासा में बनाए गए वाहनों की जांच के लिए टोल प्लाजा में शुक्रवार को सुबह लगभग 6 बजे वाहन चालक खासा परेशान हुआ। वाहन जब टोल गेट में प्रवेश किया जहां काफी देर तक वहां से टोल की होने वाली कटौती नहीं हो पाई और बैरियर लगा रहा। इस मामले में वाहन चालक ने उक्त गेट में लगे कर्मचारी जो कुर्सी पर कुम्भकर्णी निद्रा में लीन थे उसका वीडियो बनाया और यह वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हुआ। इस दौरान वाहन चालक ने काफी हॉर्न बजाया लेकिन कर्मचारी की नींद नहीं खुली। हालांकि यहां पर बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं जिसमें भी सोते हुए कर्मचारी की तस्वीर कमरे में कैद हो गई है।

# हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 35 प्रतिशत से कम वाले विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल / हायरसेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2024 का परीक्षा परिणाम दिनांक 24.04.2024 को घोषित किये गये परीक्षा परिणाम को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे ने चिंता जाहिर कर व्यक्त किया है, कि जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम 35 प्रतिशत से कम आया है, के प्राचार्यों ने पूरी लगन के साथ छात्र/छात्राओं के हित में स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर लाने के लिये कोई सार्थक प्रयास ही नही किया गया, जिसके कारण परीक्षा परिणाम में गिरावट आई है। ऐसे प्राचार्यो को कारण बताओं सूचना पत्र तामील कर जवाब मांगा जाकर, जवाब समाधानकारक नही पायें जाने पर नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करते हुये मई 2024 का वेतन रोक दिया जावेगा।

# मासूम बच्ची के साथ घिनौनी हरकते करने वाले आरोपी को तीन वर्ष की सजा



**जिला सिवनी का मामला इस प्रकार है कि प्रार्थिया की मां ने महिला थाना सिवनी मे रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी नाबालिक बच्ची उम्र 7 वर्ष दिनांक 11-11-2022 को सुबह करीब 8:00 बजे पड़ोस के दुकान में दूध लेने गयी थी दूध लेकर वापस आयी और बतायी की दुकान से जब वह घर वापस आ रही थी तभी आरोपी संतोष धुर्वे पिता संतलाल धुर्वे उम्र 27 वर्ष निवासी संजय वार्ड सिवनी ने अपने घर में बुलाकर कमरे में ले गया और अंदर से दरवाजा लगाकर बुरी नियत से घिनौनी हरकतें कर रहा था उसी समय एक व्यक्ति आ गया ओर उसने दरवाजा खटखटाया तो आरोप ने दरवाजा खोला तभी वहां से भागकर घर आ गई ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष पाक्सो न्यायालय में प्रस्तुत किया गया प्रार्थिया के उक्त रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 82/2022 पंजीबंद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष पाक्सो न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमति दीपा ठाकुर जिला अभियोजन अधिकारी के द्वारा गवाह एवं सबूतो को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा गवाहों एवं सबूतो से सहमत होते हुए दिनांक 26.4.2024 को माननीय न्यायालय द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी संतोष को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 354 भादवि. में 3 वर्ष की सजा एवं 1000 रुपए अर्थदंड, 354 (अ)(क)(र) में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 100 रुपए अर्थदंड, धारा 509 भादवि.मे 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदंड, सहपठित धारा 11,12 पाक्सो एक्ट में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया।

# ग्राहकों को मिल रहा अशुद्ध दूध, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ईकाई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ईकाई जिला सिवनी द्वारा बाजार में मिलावटी दूध की उपलब्धता के संबंध में जिला कलेक्टर सिवनी के माध्यम से मुख्यमंत्री म.प्र. शासन भोपाल को शुक्रवार को ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की प्रांतीय स्तर पर जारी कार्यक्रम के तहत जिला ईकाई सिवनी द्वारा किया गया है।

ज्ञापन का उददेश्य जिला सिवनी के ग्राहको को शुद्ध दूध एवं उससे बने उत्पादो की प्राप्ति हो है। जिस संबंध में ज्ञापन दिया गया है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला ईकाई सिवनी द्वारा ज्ञापन में एफएसएसएआई (FSSAI) के अनुसार देश भर में लगभग 70 प्रतिशत दूध के नमूनों को मिलावटी पाया गया है, कुछ राज्यों में तो 100 प्रतिशत तक दूध के नमूने एफएसएसएआई (FSSAI) द्वारा निर्धारित दूध मानको क अनुरूप नही है। 14 प्रतिशत नमूनो में डिटर्जेंट पाया गया है।

**46 प्रतिशत दूध में पानी** – एफएसएसएआई (FSSAI) ने कुल 1791 नमूने का परीक्षण किया, जिनमें 46 प्रतिशत दूध में पानी मिलावट की वजह से काम सॉलिड नॉन फैट की श्रेणी के थे, ओर लगभग 548 नैनो में स्कीम मिल्क पाउडर की उपस्थिति पाई गई जिनमें से 477 नमूनो में ग्लूकोज मौजूद था। सिंथेटिक ओर मिलावटी दूध और दूध के उत्पाद यूरिया, डिटर्जेंट, रिफाइंड तेल, कास्टिक सोडा, बोरिक एसिड आदि का उपयोग करके तैयार किए जाते है। जिला सिवनी में दूध का उत्पादन और मांग में भारी अंतर है, जिले की तरफ से इस पर रोक लगाने हेतु पर्याप्त संसाधनो की कमी के कारण मिलावट करने वाले व्यापारियों को खुला बाजार मिलता है। ऐसे व्यापारियों पर कठोर कार्यवाही न होने के कारण यह मिलावट का व्यापार बिना रोक-टोक फैलता है। आम नागरिक के पास दूध की शुद्धता हेतु न तो समय है, ना ही संसाधन। अतः जो भी दूध जनता को मिलता है उसी का उपयोग करते है।

ज्ञापन के माध्यम से अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला ईकाई सिवनी ने मांग की है कि जिला सिवनी में फूड टेस्टिंग मोबाईल वैन होनी चाहिए, दूध एवं खादय पदार्थो में मिलावट रोकने हेतु फ्लाइंग स्क्वायड का गठन होना चाहिए, जिल में सैंपल की जांच हेतु प्रत्येक तहसील स्तर पर प्रशासन की ओर से एक निःशुल्क ओपन टेस्टिंग सेंटर (खुला जांच केन्द्र) होना चाहिए, जिले में पर्याप्त फूड इंस्पेक्टर नियुक्त किये जावे, जिसमें त्वरिक कार्यवाही की जा सकें, प्रशासन की ओर से जांच करने पर जब दूध में मिलावट की मात्रा पाई जाती है, जैसे पेट खराब होना, उल्टी दस्त, एलर्जी का होना, किडनी, लीवर, हार्ट का नुकसान होना, रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है।

अतः अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला ईकाई सिवनी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इसी प्रकार सिंथेटिक और मिलावटी दूध के उत्पादन में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की मांग करता है। साथ ही दूध में मिलावट की रोकथाम न किये जाने तथा कार्य में लापरवाही करने पर उस क्षेत्र के अधिकारी के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही हो।

इस ज्ञापन में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला ईकाई सिवनी के जिला अध्यक्ष राघवेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष तिरूमलेश शर्मा, जिला सचिव दीपक तिवारी, प्रदीप बांगड, मनीष मारू, दीपक अग्रवाल, राम साहू, चेतन दीक्षित एवं सम्मनीय ईकाई के सदस्य तथा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांतीय संगठन मंत्री गौरव सिंह भदौरिया शामिल हुये।

# किडनी कांड में पीड़ित आदिवासी महिला ने न्याय दिलाने लगाई गुहार

**सिवनी।** महिला आयोग के किडनी कांड में संज्ञान लेने के बाद पुलिस प्रशासन सिवनी को कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिए गये थे वहीं बरघाट एसडीओपी के द्वारा उक्त मामले की जांच की जा रही है,जिसके तहत शिकायत के आधार पर जिन पर आदिवासी महिला ने किडनी निकाले जाने का आरोप लगाई थी।

उन सभी लोगों का बयान पुलिस द्वारा लिया जा रहा है। वहीं पीड़ति आदिवासी महिला ने समय पर वैधानिक कार्रवाई नहीं होने पर राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की मांग किया था। अब पीड़ति आदिवासी महिला ने डॉ.श्याम सिंह कुमरे सेवानिवृत्त आईएएस व भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष से न्याय के लिये गुहार लगाते हुए आवेदन सौंपा है। वहीं डॉ.श्याम सिंह कुमरे ने भी पीड़ति आदिवासी महिला को किडनी निकाले जाने के मामले में कानूनी मदद के साथ कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया है।

बरघाट ब्लॉक के एक ग्राम की पीड़ति आदिवासी महिला ने जाहिद खान, सईद अहमद कुरैशी, शबीना बेगम, अब्दुल कलाम, साहिल मंडल, अता उल्लाह खान, मोहसीन खान की शिकायत किया है, जिसमें आदिवासी महिला ने षड़यंत्र पूर्वक उसकी किडनी निकलवाने और जिंदगी बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग किया है।

उक्त शिकायत के आधार पर बरघाट एसडीओपी द्वारा संबंधितों के बयान लेने की कार्यवाही की जा रही है। बताया जाता है कि बरघाट एसडीओपी द्वारा संबंधितों को जारी किये गये नोटिस को बयान देने के बाद बरघाट के जाहिद खान के द्वारा सोशल मीडिया में नोटिस के साथ यह लिखा जा रहा है कि फला व्यक्ति के बयान हो चुके है,जल्द ही कानूनी कार्यवाही कराई जायेगी।

क्या जाहिद खान सोशल मीडिया के माध्यम से मीडिया कर्मी व समाचार पत्र को भी धमकी दे रहे है? अब यहां यह सवाल उठता है कि जाहिद खान जनचर्चा में यही कह रहे थे कि किडनी कांड में मेरा रांई बराबर का भी लेना-देना नही है और मेरा उनसे कोई संपर्क भी नही है तो फिर आखिर जाहिद खान जिन्हें नोटिस जारी हुआ है उनका नोटिस उन्हें कैसे मिला और उस नोटिस के साथ वह सफाई क्यों दे रहे है। इसके साथ ही जब पश्चिम बंगाल से बयान देने के लिये किडनी कांड से जुड़े हुए लोग आये थे तो उनकी खातिरदारी आखिर जाहिद खान क्यों कर रहे थे।

मजदूरी कराने के बहाने कोलकाता में ले जाकर आदिवासी महिला की किडनी जनवरी माह में निकाल ली गई थी। इसके बाद आदिवासी महिला अपने पति के साथ जान बचाकर दोनो वापस सिवनी आए थे। वहीं इसके बाद आदिवासी महिला के द्वारा पुलिस प्रशासन सिवनी को मामले की जांच की करवाई के लिए आवेदन दिया गया था। डॉ.श्याम सिंह कुमरे ने पीड़ति आदिवासी महिला व उसके परिजनों को आश्वासन दिया है कि प्राप्त शिकायत के आधार पर वह बिंदुवार कानूनी विशेषज्ञों से जानकारी लेकर न्याय दिलाने में सहयोग करेंगे।

डॉ.श्याम सिंह कुमरे ने बताया कि आदिवासी महिला की किडनी निकाले जाने के मामले में मुझे आवेदन दिया गया है इस पर विधि विशेषज्ञों से जानकारी लेकर एवं नियम व कानूनी आधार पर उच्चस्तरीय जांच कराकर कार्यवाही कराने का प्रयास मेरे द्वारा किया जायेगा।

# नरवाई से बनी खाद से बढ़ा फसल उत्पादन

**सिवनी।** विकासखण्ड सिवनी के ग्राम एरपा के कृषक दुलीचंद सनोडिया द्वारा डिकम्पोजर का उपयोग कर नरवाई का बेहतर प्रबंधन किया है। साथ ही साथ नरवाई से खाद बनाकर अपनी कृषि आय को भी बढ़ाया है। कृषक श्री सनोडिया बताते हैं कि उनके द्वारा खेत में नरवाई नही जलाई जाती बल्कि डिकम्पोजर का उपयोग कर के नरवाई को खाद के रूप में बदल देते हैं। जिसका उपयोग उनके द्वारा आगामी फसलों में किया गया। इसके साथ ही उन्होंने डिकम्पोजर का प्रयोग बीज उपचार एवं खड़ी फसल में पर्णीय छिड़काव में भी किया है। जिससे उन्हें फसल में अच्छा लाभ मिला तथा गेंहू फसल में प्रति एकड़ 19 क्विंटल तक उत्पादन प्राप्त हुआ।

ऐसा ही उदाहरण सिवनी विकासखण्ड के ग्राम पीपरडाही के कृषक अर्जुन पंचेश्वर द्वारा भी प्रस्तुत किया गया है। कृषक अर्जुन पंचेश्वर द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा खेत में नरवाई नही जलाई जाती बल्कि डिकम्पोजर का प्रयोग कर के नरवाई को खाद के रूप में बदल देते हैं। कृषक श्री अर्जुन पंचेश्वर बताया कि डिकम्पोजर खाद के उपयोग से उन्हें इसका लाभ आगामी फसल में होता हैं, उनके द्वारा 1 एकड़ में 3 से 4 फसल जिसमे मक्का , स्वीट कॉर्न, गोभी, लौकी आदि शामिल हैं। नरवाई के डिकम्पोजर के माध्यम से प्रबंधन से कृषक श्री पंचेश्वर न केवल आय बढ़ी है साथ ही पर्यावरण का संरक्षण भी हुआ हैं।

## गुंजन बिसेन ने किया विद्यालय को गौरवान्वित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जहा प्रदेश मे बालिकाओ ने दसवी बारहवी के परीक्षा परिणामो मे अच्छा प्रदर्शन करते हुऐ अपने माता पिता के बेहतर संस्कारो के चलते विधालय का नाम रोशन किया है वही बरघाट शासकीय उत्कृष्ट विधालय की छात्रा गुंजन बिसेन ने बारहवी मे 93 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुऐ विधालय को भी गौरवान्वित किया है तथा विधालय मे भी यह बालिका प्रथम स्थान प्राप्त करते हुऐ अपने अच्छे परीक्षा परिणाम के लिये अपने माता पिता तथा विधालय के शिक्षको को इसका श्रेय दे रही है यहा यह बताना लाजिमी है की गुंजन बिसेन शासकीय हायर सेकंडरी विधालय धारनाकला मे कार्यरत शिक्षक सुनील बिसेन की पुत्री है सभी स्नेही जनो ने गुंजन की सफलता पर शुभकामना ऐ दी है।

# कक्षा 10वीं के बाद क्या करें, जानिए Top कोर्स के बारे में पूरी जानकारी

वैसे छात्र एवं छात्राएं जो इस बार कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा को पास कर गए हैं और आगे अपने करियर के बारे में सोच रहे हैं कि Class 10th Ke Baad Kya Kare तो आज के इस आर्टिकल में हम आप सभी के भविष्य में करियर को बेहतर बनाने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देने वाले है। ताकि आप कक्षा 10वीं के बाद अपने करियर को एक सक्सेसफुल छात्र बनने में मदद मिल सके।

अगर आप भी इस बार किसी भी बोर्ड से कक्षा 10वीं की परीक्षा पास कर चुके है, तो इस आर्टिकल को आप शुरू से अंत तक जरूर पढ़ें। क्योंकि इस आर्टिकल को पढ़ने के बाद आप अपने करियर का हम मोड को एक निर्णायक मोड़ के तरफ ले जा सकते हैं और अपने भविष्य के करियर को काफी बेहतरीन तरीका से संभाल सकते है। इसलिए Class 10th Ke Bad Kya Kare इसकी पूरी जानकारी जानने के लिए ऑफिस आर्टिकल को पूरा पढ़ें।

अगर आप 10वीं बोर्ड परीक्षा पास कर चुके हैं और आपके पास कुछ महीनो का खाली समय है तो इस समय अंतराल में आप Short Term Course या कक्षा 11वीं के सिलेबस को पूर्ण रूप से कर कर सकते हैं जो आपके भविष्य के लिए बेहतर हो सकता है। मगर Short Term Course मैं मुख्य रूप से तीन प्रकार के कोर्स आते है।

1. General Course
2. Professional Course
3. Short Term Course

Note – जनरल कोर्स में आप Arts, Science और Science Stream लेकर आगे की पढ़ाई कर सकते है। वही प्रोफेसनल कोर्स में आप ITI, Diploma और Para Medical की पढ़ाई लेकर पढ़ सकते है। इसके अलावा Short Term Course को लेकर भी आसानी से पढ़ सकते है।

1. General Course—
यह एक प्रकार का ऐसा कोर्स है। जिसे करने के बाद आप जिसमें आपको Arts, Science और Science Stream आता है। यदि आपका मन Arts में लगता है, तो आप 12वीं की पढ़ाई Arts विषय लेकर पढ़ सकते है। वही अगर आपको Doctor और Engineer बनने का सपना है तो आप Science Stream लेकर पढ़ सकते है। वही अगर आपको CA बनना है तो आप Commerce Stream लेकर पढ़ सकते है।

Arts में कौन कौन सब्जेक्ट आता है?
यदि आप Class 12th की तैयारी Arts विषय लेकर पढ़ते है तो आपको Arts में History, Political Science, Geography, Economic, English, Physchology, Fine Arts, Physical, Education, Literature विषय लेकर पढ़ाई कर सकते है।

Commerce में कौन कौन सब्जेक्ट आते है?
यदि आपका सपना बिजनेस की क्षेत्र में बनाना चाहते है तो आप Commerce में एकांटेंट की पढ़ाई कर सकते है। बिजनेस एक्सपर्ट बन सकते है। Commerce में आपको Accountancy, Business Studies, Economics, Mathematics etc विषय आते है।

Science में कौन कौन सब्जेक्ट आते है?
यदि आपका सपना एक Engineer और Doctor बनना चाहते है तो कक्षा 10वीं के बाद आप Science Stream की पढ़ाई Class 12th में पढ़ सकते है। यदि आपका सपना Doctor बनने का है तो आप Biology Subject लेकर पढ़ाई कर सकते है। वही अगर आपको Engineer बनना है तो Physics, Chemistry और Math लेकर Class 12th की पढ़ाई कर सकते है।

Science में Physics, Chemistry, Biology और Math विषय आते है। इसके अलावा आप Science में आप Optional सब्जेक्ट भी ले सकते है।

2. Professional Course—
यह एक कोर्स है जिसमे दो डिप्लोमा डिग्री कोर्स आते है।जिसे आप Class 10th परीक्षा पास करने के बाद आसानी से कर सकते है।

1. Polytecnic Course – यह कोर्स आप कक्षा 10वीं परीक्षा पास करने के बाद कर सकते है। पॉलिटेक्निक एक प्रकार का डिप्लोमा डिग्री कोर्स होता है। जिसमें आपको जूनियर इंजीनियर बनने की सपना साकार हो सकता है। या कोर्स 3 साल का होता है। जिसमें आप सरकारी और प्राइवेट कॉलेज से आसानी से कर सकते है। अगर आप डिप्लोमा यानी पॉलिटेक्निक डिग्री कोर्स करते हैं तो आपकी नौकरी लगने की संभावना बढ़ जाती है।

Note – अगर आप पॉलिटेक्निक का कोर्स करते हैं इसके बाद आप 2 साल का बीटेक डिग्री कोर्स भी कर लेते हैं तो आप एक सीनियर इंजीनियर भी बन सकते है।

2. ITI Course – यह कोर्स कक्षा 10वीं की परीक्षा पास करने के बाद कम समय में सरकारी नौकरी पाने की बेहतरीन कोर्स माना जाता है। यह कोर्स मुख्य रूप से 2 साल का होता है जिसे करने के बाद आप कोई भी प्राइवेट कंपनी या सरकारी कंपनी में नौकरी हासिल कर सकते है। इसके कोर्स करने के बाद आप इलेक्ट्रीशियन, फीटर, स्टेनोग्राफर, प्रोग्रामर असिस्टेंट, ग्राफिक एंड मल्टीमीडिया इत्यादि के पोस्ट पर नौकरी पा सकते है।

3. Paramedical Course – यदि आपका सपना कक्षा 10वीं की परीक्षा पास करने के बाद मेडिकल क्षेत्र में जाना है तो आप पैरामेडिकल का 2 साल का डिग्री कोर्स कर सकते हैं और यह कोर्स भी दो तरह के होते है।

1. Certificate Course अगर आप डिप्लोमा के इस पैरामेडिकल डिग्री कोर्स को करना चाहते हैं तो यह कोर्स केवल 3 महीने से लेकर 1 साल तक में आसानी से कर सकते है।

2. Diploma Course अगर आप डिप्लोमा डिग्री की कोर्स करते हैं तो आपको इसमें 2 साल का समय देना पड़ता है, और यदि आप पैरामेडिकल डिप्लोमा कोर्स कर लेते हैं तो आपको टेक्नीशियन नर्स केयर असिस्टेंट बनाया जाता है। जिसमें आपको काफी बेहतरीन सैलरी के साथ-साथ अनुभव भी प्राप्त हो जाता है।

3. Short Term Course—
अगर आपका अच्छा दसवीं की परीक्षा पास कर चुके हैं और आप एक बेहतरीन प्रकार का शॉर्ट टर्म 2 कोर्स करना चाहते हैं तो आपको मुख्य रूप से 6 महीने से लेकर 2 साल का कोर्स करना होता है जिसमें आप बेहतरीन प्रकार का कोर्स कर लेते है। जैसे
1. Diploma in Cyber Security
2. Diploma in Photography
3. Diploma in Hotal Management And Catering Managment
4. Diploma in Event Management

10th के बाद नौकरी करें?
यदि आपका कक्षा दसवीं की परीक्षा पास कर चुके हैं तो आपको सरकारी नौकरी के आने वाले फार्म को भरना होगा जिसमें आप पास करते हैं तो आपको काफी कम समय में नौकरी मिल सकता है।

Latest Information : यदि आपको मेरे द्वारा दिया गया Class 10th Ke Baad Kya Kare इसके बारे में पूरी जानकारी अच्छा लगा है और आप अगर इसी प्रकार के सटीक और सही जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं तो आप हमारे वेबसाइट में प्रत्येक दिन विजिट करें और अपने दोस्तों को भी शेयर जरूरकरें

**खबर संक्षेप**

### जिला बदर के आरोपी को खैरलांजी पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**वारासिवनी।** खैरलॉजी पुलिस द्वारा जिला बदर के आरोपी को बिना सूचना दिए हुए खैरलॉजी क्षेत्र में घूमते पकड़ा गया हैं। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहॉ से उसे जेल भेज दिया गया हैं। जानकारी अनुसार जिला दंडाधिकारी बालाघाट द्वारा सुरेश पिता मदनलाल लिल्हारे 39 वर्ष निवासी खैरलॉजी नामक व्यक्ति को 10 अक्टूबर 23 को एक वर्ष के लिए जिला बदर कर दिया गया था। उसके बाद आरोपी को 20 दिसम्बर 23 को एक बार आदेश का उल्लंघन करते हुए जिले में घूमते हुए पुलिस द्वारा गया था। जिस पर अपराध क्रमांक 325/23 धारा 14 मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम का मामला दर्ज किया गया था और आरोपी को जेएमएफसी न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया था। जो उच्च न्यायालय जबलपुर से जमानत का लाभ लेकर रिहा हुआ था। लेकिन उसके बावजूद भी वह जिले से बाहर ना रहकर जिले के अंदर ही घूम रहा था। इसीलिए मुखबिर की सूचना पर खैरलॉजी पुलिस द्वारा उसे पुनः पकड़ कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया हैं। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक सुनील चतुर्वेदी, देवेंद्र गौतम, विष्णु जाट, शिवजीत, जितेंद्र व प्रेम का सराहनीय सहयोग रहा।

### गॉधी विद्या मंदिर में भाई-बहन ने 10 वीं में पाया शाला में प्रथम व द्वितीय स्थान

**वारासिवनी।** शहर की निजी शिक्षण संस्थान गांधी विद्या मंदिर में अध्यनरत भाई-बहन ने कक्षा दसवीं में विद्यालय में क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया हैं। विदित हो कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित कक्षा.10 वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणाम गत 24 अप्रैल को घोषित किए गए। जिसमें गांधी विद्या मन्दिर में अध्ययनरत भाई-बहनों ने विद्यालय में क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया हैं। यह दोनों भाई-बहन कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत हैं, जहाँ पर भाई गीतांशु अजय हेड़ाऊ ने 94 प्रतिशत के स्ट्राइक रेट से 500 में से 470 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं, तो वहीं छोटी बहन भविशा विजय हेडाऊ ने 91.06 प्रतिशत के स्ट्राइक रेट से 500 में से 458 अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हैं। उनकी इस सफलता पर सम्पूर्ण विद्यालय परिवार सहित परिजनों व शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी हैं।

### कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल 10 वीं,12 वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**वारासिवनी।** नगर की अग्रणी शिक्षा संस्था कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल का माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा 10 वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में प्रियांशु चौधरी 87.6 प्रतिशत, कु. इकरा खान 76 प्रतिशत, कु. निहारिका वाड़िवा 60.6 प्रतिशत, कु. आराधना लिल्हारे 72.2 प्रतिशत, कु. श्रद्धा दहीलिंगें 79.8 प्रतिशत, सुजल बिसेन 86.6 प्रतिशत, कु. तनुश्री पटले 65 प्रतिशत, कु. पूनम भंवरे 70.8 प्रतिशत, कु. कसक बोम्बर्डे 62.8 प्रतिशत एवं कु. श्रेयांषी नागेश्वर 70 प्रतिशत सम्मिलित हैं। माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित कक्षा 12 वीं के परीक्षा परिणामों में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में तुषार दुबे 82 प्रतिशत, कु. शिखा गेडाम 60 प्रतिशत, कुनाल धमगाहे 60 प्रतिशत, कु. वेणिका बघेले 60.2 प्रतिशत, कु. सुरभी मिश्रा 61.8 प्रतिशत, शिवम गौतम 61.4 प्रतिशत, सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों में सम्मिलित हैं। उल्लेखनीय है कि यह सभी परीक्षार्थी मेधावी छात्र हैं, जो सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर को गौरवांवित करते रहे है।

## नक्सल क्षेत्र में सोलर पैनल की समुचित सुविधा नहीं देने पर ठेकेदार से मांगा जाएगा स्पष्टीकरण

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के स्वीकृत कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

## वनग्राम खारा व कोकमा के 25 परिवारों को विद्युत सोलर पैनल द्वारा बिजली प्रदाय की

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पूर्व तिमाही में स्वीकृत किये गए विकास कार्यो की समीक्षा की। पूर्व में ऐसे क्षेत्रों में बैरक, वॉच टॉवर के अलावा सड़के, बिजली,तालाब और बाउंड्रीवाल स्वीकृत किये गए थे। पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री श्री अडमे ने बताया कि बैहर में 6 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से 10.40 किमी. लंबी स्वीकृत 4 सड़के पूर्ण हो चुकी है। साथ ही बाउंड्रीवाल और वॉच टॉवर के कार्य पूर्ण किये गए है। इसी तरह लांजी में 3 करोड़ 23 लाख रुपये की 3155 मी. की 7 सड़कें भी पूरी कर ली गई है। यहां 10 वॉच टॉवर पूरे किए गए है। पीआईयू के कार्यो के सम्बंध में एसपी श्री समीर सौरभ ने कार्य की प्रगति स्लो होने पर नक्सल एएसपी श्री यादव को एक दिन में प्रोजेक्ट की वस्तुस्थिति के सम्बंध में रिपोर्ट बनाने के लिए निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इस मामले में कमिश्नर को पत्र से अवगत कराने के निर्देश दिए है। इसके अलावा बिजली के सम्बंध में बम्हनी, दादर,सितापाला, टेमनी और देवरबेली में स्थापित किये गए सोलर पैनल के समुचित रूप से कार्य नही करने के मामले में ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा। बैठक में कान्हा बफर जोन उपसंचालक सुश्री अमिता केबी, एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री श्री दीपक उइके सहित निर्माण कार्यो के एसडीओ व उपयंत्री मौजूद रहे।

**5 स्थानों पर तैयार किये हेलीपेडः** समीक्षा के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री अडमे ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा खैरलांजी के किन्नी में, परसवाड़ा में, बैहर,लामता और वारासिवनी में कुल 5 स्थानों पर हेलीपेड तैयार किये गए है। इन सब की लागत प्रति हेलीपेड 3.50-3.50 लाख रुपये है। पीएमजीएसवाय के अधिकारी द्वारा बताया गया कि 6 सड़कों के लिए वाइल्ड लाइफ की ओर से अनुमति के पश्चात कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। अनुमति के लिए कार्यवाही प्रचलित है।

**नक्सल क्षेत्र में बिजली के कार्यो की गति बढ़ीः** एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री श्री उइके ने जानकारी प्रस्तुत की। जिसके अनुसार बिजली के कई कार्य पूर्ण किये गए है। ये कार्य खराब विद्युत कनेक्शन, केबल,नवीन विद्युतीकरण,नवीन फीडर आदि कार्य पूरे किए गए है। इसमें राशिमेटा में खराब विद्युत केबल को बदलकर ओव्हारहेड कंडक्टर स्थापित किया गया। इसी तरह केरिकोना में 11 केव्ही डाबरी फीडर का नवीन विद्युतीकरण, सोनटोला, धुर्री टोला , चिचरंगपुर, हर्राटोला हतबन में नवीन विद्युतीकरण के कार्य किये गए है। इसके अलावा वनग्राम कोकमा के 25 परिवारों को विद्युत सोलर पैनल लगाकर बिजली प्रदाय की गई है।

### बैठक के बाद नवीन एसपी कार्यालय के निर्माण कार्य का अवलोकन किया

बैठक के पश्चात कलेक्टर व एसपी संबंधित विभाग के अधिकारियों को लेकर नवीन एसपी कार्यालय का निरीक्षण करने पहुँचे। यहां तालाब के अलावा लैंडस्केपिंग के कार्य प्रस्तावित है। साथ ही जिला पंचायत की ओर से सड़क निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

## शनिवार को 23 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शनिवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि शुक्रवार को 23 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 514 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए। इस दौरान डाक मत पत्र स्ट्रांग रूम नोडल अधिकारी श्री राहुल नायक, पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी श्री गजेंद्र कठाने तथा राजनितिक पार्टी से मोहन राऊत, भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, निर्दलीय हिमांशु सिंह कोहराम, रघुवीर चौहान तथा पोस्टमेन देवेंद्र पारधी उपस्थित रहे।

### 10 वीं में सोनल ठाकरे ने जिले की प्रावीण्य सूची में पाया द्वितीय स्थान

## केशव इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल की 12 वीं एवं 10 वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**वारासिवनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में प्रतिष्ठित संस्था केशव इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12 वीं के सभी 43 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

कक्षा 12 वीं में गणित संकाय में प्रथम गरिमा बोकड़े 90.8 प्रतिशत, द्वितीय सुजान देशमुख 90.6 प्रतिशत, तृतीय देवांशी पारधी 89.4 प्रतिशत, चतुर्थ ऋषि बिसेन 88.6 प्रतिशत, पंचम रुपांक आड़े 86.4 प्रतिशत, सप्तम शान अग्ने 83.8 प्रतिशत, वहीं जीव विज्ञान संकाय में षष्ठम पलक अर्जे 85.8 प्रतिशत, अष्टम मीनल नगपुरे 83 प्रतिशत, नवम नेहा मालाधारी 81.6 प्रतिशत, दशम मिताली नगपुरे 81 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

कक्षा 10 वीं के कुल 56 विद्यार्थियों में से 54 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित किये हैं। जिसमें जिले की प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान व शाला में प्रथम सोनल ठाकरे 96.4 प्रतिशत, द्वितीय लिज़ा पारधी 94.2 प्रतिशत, तृतीय राजवी भगत 94 प्रतिशत, चतुर्थ करीना वाधवानी 93.6 प्रतिशत, पंचम भाविक नगपुरे 91.8 प्रतिशत, षष्ठम मेघावी ठाकरे, सप्तम स्नेता साखरे 91 प्रतिशत, अष्टम अपेक्षा गौतम 90.2 प्रतिशत, नवम सुजल गौतम 89.2 प्रतिशत, दशम जिज्ञासा गोखले 88.8 प्रतिशत प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है।

सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और विद्यालय के समस्त शिक्षकों को विद्यालय की ज्ञान विकास प्रबंधकारिणी के अध्यक्ष अजीत जैन, उपाध्यक्ष तिलक पारधी, सचिव संजय मांधाता, सहसचिव शिरीष खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, विजय तेलास्कर, प्रदीप तिवारी, राजेश सिंघई, शिवदयाल बोपचे, डिलेन्द्र देशमुख, श्रीमती चेतना देवरस, हीरालाल ताम्रकार, ऋषि तिवारी, अधीक्षक जितेन्द्र टेंभरे और विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है

## 10 वर्षों से फरार गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के 3 आरोपीगणों को थाना मलाजखण्ड पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री समीर सौरभ द्वारा माननीय न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों मे वांछित स्थाई वारंटियो एवं फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिए गये है । जिस हेतु ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री विजय डाबर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर श्री के.एल बंजारे के कुशल निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बैहर श्री अरविंद शाह के युक्तियुक्त मार्गदर्शन में पुलिस थाना मलाजखंड द्वारा 03 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तार आरोपी गण1-परसादी पिता बनिया धुर्वे उम्र 39 साल निवासी ग्राम डोंगरिया थाना बिरसा2- चमर सिंह मरकाम पिता सौनेऊ सिंह मरकाम उम्र 51 साल निवासी ग्राम जामुनपानी थाना चिल्फी जिला कबीरधाम (कवर्धा) छत्तीसगढ़ 3- परसादी पिता गेहदू धुर्वे उम्र 50 साल निवासी ग्राम बखारीकोना थाना बिरसामाननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बैहर के आपराधिक प्रकरण क्रमांक 1247/14 धारा 6, 6क, 6ख,9 गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम, 6,7,11 म.प्र. कृषि पशु संरक्षण अधिनियम में 03 आरोपी पिछले करीब 10 वर्षों से फरार चल रहे थे, फलस्वरूप उक्त प्रकरण में माननीय न्यायालय बैहर द्वारा तीनों आरोपियों के स्थाई वारंट जारी किये गए थे। प्रकरण अत्यधिक पुराना होकर मामले की गंभीरता के दृष्टिगत विशेष टीम का गठन कर मुखबिर सक्रिय किए जाकर उक्त स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के सतत प्रयास किए गए, उक्त प्रयासों के अनुक्रम में उक्त तीनों स्थाई वारंटियों को दिनांक 27.04.2024 को थाना मलाजखंड पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय बैहर में पेश किया गया ।

## पशुपालन दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने गाय को क्रमिनाशी दवा और गुड़ का सेवन कराया

**बालाघाट।** शनिवार को जिले सहित पूरे विश्व में पशुपालन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा भी ग्राम भटेरा में विभागीय अमले के साथ गौमाता को क्रमिनाशी दवा और गुड़ का सेवन कराया गया। ज्ञात हो कि पशु भारतीय अर्थव्यवस्था की रीड है। इसी सिलसिले में पशुपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज समूचे विश्व में विश्व पशु चिकित्सा दिवस का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न शिविरों आदि का आयोजन कर पशुओं का उपचार तथा टीकाकरण कार्यक्रम के साथ-साथ उन्नत पशुपालन तकनीक के संबंध में भी पशुपालकों तथा कृषकों को जानकारी दी जाती है। इसी उपलक्ष्य में शहर के नजदीक ग्राम पंचायत भटेरा में निः शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया । उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.प्रदीप कुमार अतुलकर तथा सिविल सर्जन डॉ. उमेश निरापुरे सहित पशुधन एवं कुकुट विकास निगम के कार्यपालिक अधिकारी डॉ. अरुण कुमार नेमा के निर्देशन में शिविर में पशु चिकित्सालय बालाघाट के प्रभारी डॉ. राजेश्वर सिंह नगपुरे अपने अमले के साथ उपस्थित रहे। विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर आयोजित शिविर की जानकारी देते हुए अतिरिक्त उप-संचालक डॉ. घनश्याम परते ने बताया कि शिविर में पशुओं का टीकाकरण, उपचार, क्रत्रिम गर्भाधान तथा उन्नत पशुपालन एवं डेयरी विकास की जानकारी दी गई। शिविर में पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी श्री जे ए एल धुर्वे, जितेंद्र सिंगमारे, मुनेश चौधरी, प्रदीप मेश्राम, मोनिका ठाकरे, प्रीति बंबूरे, एवं विभागीय गौसेवक नवनीत हरिंखेड़े, शुभम लिल्हारे, प्रमोद लिल्हारे, संतोष नागपुरे, चंद्रकुमार मसकरे, शैलू भौंडे, आनंद डहाटे, मनोज लिल्हारे, चमारूलाल नागेंद्र का भी सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान सरपंच भोरसिंह मोहरे व उपसरपंच तेजलाल सुलझे एवं जन स्वास्थ्य रक्षक एलसी मोहरे मौजूद रहे।

## 11 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**बालाघाट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में 11 मई 2024 को जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुम्ब न्यायालयों तथा अन्य न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों के अलावा बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन मामले निराकरण हेतु रखे जायेगें। आयोजित नेशनल लोक अदालत के वृहद प्रचार-प्रसार के लिये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर सचिव व जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट द्वारा शुक्रवार को प्रचार-प्रसार वाहन को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) श्री केएस. बारिया, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री अजय कान्त पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) श्रीमति नौशीन खान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मनीष कुमार सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री अविनाश छारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे उपस्थित रहे।

## जेएसटी महाविद्यालय ने मनाया विश्व सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में शनिवार को विश्व सुरक्षा एवं स्वास्थ दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को बताया गया है कि हमें हम अपने कर्तव्य स्थल पर कार्य करते समय हमें क्या सावधानियां रखना चाहिए और कैसे कार्य करना चाहिए। इस जागरूकता अभियान मे वक्ता के रूप में मानस पाण्डे, शिवम शुक्ला, खुशी चौरावार एवं राही लिल्हारे द्वारा सुरक्षा स्वास्थ संबधी जानकारिया प्रदान की गयी और छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोविंद सिरसाठे के साथ ही अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं के सहयोग से सम्पन्न किया गया।

# घर-घर तक पहुंचेगा योगः 1 से 10 मई तक योग आयोग करेगा योग कैंप का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

योग, रहो निरोग की थीम को लेकर योग आयोग, आगामी 1 से 10 मई तक मुख्यालय के श्याम टॉकीज मॉल के भूतल पर योग कैंप का आयोजन करने जा रहा है। इसकी जानकारी योग आयोग अध्यक्ष तपेश असाटी ने प्रेसवार्ता के माध्यम से दी।

उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न संस्थाओं को जोड़ा है, जिनके सहयोग से ज्यादा से ज्यादा लोग, योग शिविर का लाभ ले पाएंगे। उन्होंने बताया कि इस शिविर में योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योग सिखाया जाएगा।

योग आयोग अध्यक्ष तपेश असाटी ने बताया कि योग आयोग के माध्यम से जिले के घर-घर तक योग को पहुंचाने का काम किया जा रहा है। आगामी समय में हमारा प्रयास होगा कि हम एक बड़ा कार्यक्रम योग आयोग के माध्यम से कराए, ताकि जिले से योग का एक संदेश पूरे प्रदेश और देश में जाए।

### यह करेंगे अनुभव साझा

इस दौरान योग आयोग समिति, पंख संस्था, सिंधी समाज, असाटी समाज, गुजराती समाज के सदस्यों ने स्वस्थ्य जीवन के लिए योग की आवश्यकता पर जोर देते हुए अपने अनुभवों का साझा किया।

इस दौरान उन्होंने जिले में योग को बढ़ावा देने आयोग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जीवन को स्वस्थ्य रखने और शरीर में रोग-प्रतिरोधक क्षमता के लिए योग को दिनचर्या में शामिल कर आगामी योग आयोग के योग कैंप का हिस्सा बनकर योग को जीवन में अपनाएं।

इस दौरान वरिष्ठ नागरिक सुभाष गुप्ता, जूहिता परमार, सरला असाटी, पूजा अग्रवाल, लीना माधवानी, भावना पृथ्यानी, रितु छाबड़ा, पूनम बर्वे, माधुरी अग्रवाल, रेखा विनोदिया, तृप्ति शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



# 10 फीसदी से अधिक नहीं होगी फीस वृद्धि

*** दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें निजी स्कूल।**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला**

अशासकीय स्कूलों के संचालकों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि फीस, गणवेश एवं पुस्तकों के निर्धारण में मध्यप्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम 2017 का अक्षरशः पालन करें। उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। सभी विद्यालयों को नियत समय सीमा में फीस सहित विद्यालय की अन्य जानकारी पोर्टल पर अंकित करना आवश्यक है।

कलेक्टर ने कहा कि अधिनियम में स्पष्ट है कि कोई भी विद्यालय अपने स्तर पर गत वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि नहीं कर सकता है, सभी स्कूल निर्देशों का अध्ययन करते हुए गंभीरता से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परिवहन सुविधाओं में मानकों का ध्यान रखें। प्रत्येक वाहनों के फिटनेस की जांच अनिवार्य रूप से कराएं। वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे न बैठाएं। विद्यालय प्रबंधन छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें, गणवेश, टाई, जूते, कॉपी आदि सामग्री चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिए बाध्य नहीं करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे सहित संबंधित अधिकारी तथा अशासकीय विद्यालयों के संचालक उपस्थित रहे।

### 84 निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी

फीस सहित अन्य आवश्यक जानकारियां पोर्टल पर अंकित नहीं करने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के 84 निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित स्कूल अगले 7 दिवस में मध्यप्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम 2017 के प्रावधानों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करते हुए वांछित जानकारी संबंधित पोर्टल पर दर्ज करें। समय सीमा में जानकारियों की ऑनलाईन प्रविष्टि नहीं होने पर संबंधित स्कूल के विरूद्ध प्रावधान के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
B.Tech. & Polytechnic
4 Year Degree
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com